
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 289 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 25 फरवरी 2022

**विचार–प्रवाह...**डर से उपजी नीति





मौसम अधिकतम 15.0° न्यूनतम 6.0° | 39243.39 | **2** रूस पर प्रतिबंध लगाने का ऐलान | **7** विराट कोहली ने खुद खोला राज

# रूस ने कर दिया जंग का एलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मास्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध का एलान कर दिया है। दोनों देशों के बार्डर हिस्से पर हालात और भी ज्यादा खतरनाक हो चुके हैं। इस बीच, यूक्रेन के 40 से अधिक सैनिक और लगभग 10 आम नागरिक रूस के हमले में मारे गए हैं। यह जानकारी समाचार एजेंसी एएफपी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के हवाले से दी है। रूस के ऐलान के बाद यूक्रेन में लगातार स्थिति बिगड़ती जा रही है।

यूक्रेन की राजधानी कीव समेत कई जगह हुए धमाकों के बाद यूक्रेन में मार्शल ला लगा दिया गया है। इतना ही नहीं यूक्रेन के नागरिक इन हमलों से बचने के लिए सुरक्षित स्थानों पर जा रहे हैं। दरअसल, रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ सैन्य अभियान की घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा युद्ध को टाला नहीं जा सकता। समाचार एजेंसी एएफपी के अनुसार रूस के राष्ट्रपति ने आदेश जारी करते हुए कहा कि अगर यूक्रेन पीछे नहीं हटता है तो जंग होकर रहेगी। पुतिन ने यूक्रेनी सेना को धमकी देते हुए कहा कि जल्द से जल्द हथियार डाल दें नहीं तो युद्ध को टाला नहीं जा सकता है। वहीं यूक्रेन से लगातार धमाकों की आवाज सुने जाने की खबर आ रही है। सोशल मीडिया पर भी कई लोग अलग–अलग जगहों पर ब्लास्ट का दावा कर रहे हैं।

रूस के हमले की बीच यूक्रेन ने बड़ा दावा किया है। रायटर्स के मुताबिक, यूक्रेन का कहना है कि उनके हमले में लगभग 50 रूसी सैनिक मारे गए हैं। यूक्रेन ने रूस के पांच रूसी विमानों और एक रूसी हेलीकाप्टर को मार गिराया है। रायटर्स के मुताबिक यूक्रेन की सेना का कहना है कि उन्होंने लुहान्स्क क्षेत्र में पांच रूसी लड़ाकू विमान और एक रूसी हेलीकाप्टर को मार गिराया है। यूक्रेन के रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव ने कहा कि जो कोई भी हथियार उठाने के लिए तैयार और सक्षम हो, वह टेरिटोरियल डिफेंस फोर्स के रैंक में शामिल हो सकता है।

रूस के हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बात की। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि मैं ळ7 के नेताओं के साथ कल बैठक करूंगा और संयुक्त राज्य अमेरिका और हमारे सहयोगी एक साथ मिलकर रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाएंगे। हम यूक्रेन और उनके लोगों को समर्थन और सहायता देना जारी रखेंगे।

## यूक्रेन के राजदूत ने मांगी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मदद

**पीएम मोदी करें हस्तक्षेप: यूक्रेन के राजदूत**

भारत में यूक्रेन के राजदूत डा इगोर पोलिखा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हस्तक्षेप की गुजारिश की है। यूक्रेन के राजदूत ने कहा कि भारत के संबंध रूस से अच्छे हैं, पीएम मोदी से गुजारिश है कि वे रूस के साथ बात कर इस तबाही को रोकें।





### रूस तुरंत यूक्रेन से पीछे हटे नाटो की मांग

नाटो (नॉर्थ–टलाण्टिक ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन) महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने कहा– हम यूक्रेन में रूस के आक्रमण की कड़े शब्दों में निंदा करता है। हम रूस से सैन्य कार्रवाई को तुरंत बंद करने और यूक्रेन से पीछे हटने का आह्वान करते हैं। संकट के दौरान हमने गठबंधन के देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का फैसला किया है। हमने सीमाओं की सुरक्षा मजबूत की है। रूस की नीयत इस वक्त दुनिया देख रही है।

### हम किसी को भी हरा सकते हैं, हम यूक्रेन हैं

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की और विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने देश की जनता से भावुक अपील की है। रूस का हमला झेल रहे यूक्रेन ने दुनियाभर में रह रहे अपने देशवासियों के नाम एक भावुक अपील जारी की है। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्री कुलेवा ने कहा कि पुतिन ने हम पर हमला किया है, लेकिन कोई भाग नहीं रहा है। सेना, डिप्लोमैट्स, हर कोई काम कर रहा है। यूक्रेन लड़ेगा। यूक्रेन अपनी रक्षा करेगा। यूक्रेन जीतेगा। उन्होंने यूक्रेन के लोगों से अपील की है कि वह जहां रह रहे हैं वहां के देशों को पुतिन के हमले की सच्चाई बताएं और वहां की सरकारों से जल्द कार्रवाई करने के लिए कहें।

## संक्षिप्त समाचार

### एक दिन बाद फिर घटे कोरोना के केस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में एक दिन बाद कोरोना के नए मामलों में फिर गिरावट देखने को मिली है। बीते 24 घंटे में देशभर में कोरोना के 14,148 नए मामले सामने आए हैं। इससे पहले कल यानी बुधवार को कोरोना के 15,102 केस मिले थे जबकि मंगलवार को 13,405 मामले मिले थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में कोरोना से 30,009 लोग रिकवर हुए हैं जबकि 302 लोगों की मौत भी हुई है।

### भारतीय नौसेना को बोइंग से मिला 12वां पी8आइ विमान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय नौसेना को अमेरिकी एयरोस्पेस कंपनी बोइंग से 12वां पी8आइ समुद्री गश्ती विमान दिया है। बोइंग ने आज अपने आधिकारिक बयान में बताया कि यह 2016 में भारतीय रक्षा मंत्रालय के साथ हुए अनुबंध के तहत वितरित किए गए चार अतिरिक्त विमानों में से चौथा विमान है।

# कृषि को आधुनिक और स्मार्ट बनाने के लिए सात सुझाव

## पीएम ने कृषि क्षेत्र में बजट के प्रावधानों पर की चर्चा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृषि क्षेत्र में बजट के प्रावधानों को लेकर चर्चा की। मोदी ने कहा कि ये ये सुखद संयोग है कि 3 साल पहले आज ही के दिन पीएम किसान सम्मान निधि की शुरुआत की गई थी। ये योजना आज देश के छोटे किसानों का बहुत बड़ा संबल बनी है। इसके तहत देश के 11 करोड़ किसानों को लगभग पौने 2 लाख करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। इस योजना में भी हम स्मार्टनेस का अनुभव कर सकते हैं। सिर्फ एक क्लिक पर 10–12 करोड़ किसानों के बैंक खातों में सीधे पैसे ट्रांसफर होना अपने आप मे हर भारतीय के लिए गर्व करने वाली बात है।

मोदी ने कहा कि बीते 7 सालों में हमने बीज से बाजार तक अनेक नई व्यवस्थाएं तैयार की हैं, पुरानी व्यवस्थाओं में सुधार किया है। सिर्फ 6 सालों में कृषि बजट कई गुना बढ़ा है। किसानों के लिए कृषि लोन में भी 7 सालों में ढाई गुना की बढ़ोतरी की गई है।

मोदी ने कहा कि इस बार के बजट में कृषि को आधुनिक और स्मार्ट बनाने के लिए मुख्य रूप से 7 रास्ते सुझाए गए हैं। पहला– गंगा के दोनों किनारों पर 5 कि. मी. के दायरे में नेचुरल फार्मिंग को मिशन मोड पर कराने का लक्ष्य है। दूसरा– एग्रीकल्चर और हॉर्टीकल्चर में आधुनिक टेक्नॉलॉजी किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी।

खाद्य तेल के इंपोर्ट को कम करने के लिए मिशन ऑयल पाम को सशक्त करने पर बल दिया गया है। चौथा– खेती से जुड़े उत्पादों के ट्रांसपोर्टेशन के लिए पीएम गति–शक्ति प्लान द्वारा लॉजिस्टिक्स की नई व्यवस्थाएं बनाई जाएंगी। बजट में पांचवां समाधान दिया गया है कि एग्री–वेस्ट मेनेजमेंट को अधिक वतहंदप्रम किया जाएगा, वेस्ट टू एनर्जी के उपायों से किसानों की आय बढ़ाई जाएगी।

### मोदी ने बताए केन–बेतवा लिंक परियोजना के फायदे

मोदी ने आगे कहा कि माइक्रो इरिगेशन भी इनपुट कॉस्ट कम करने और ज्यादा प्रोडक्शन करने का बहुत बड़ा माध्यम है। च्मत क्तवच डवतम ब्तवच पर सरकार का बहुत जोर है और ये समय की मांग भी है। केन–बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड में क्या परिवर्तन आएंगे, ये आप सभी भलीभांति जानते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस 21वीं सदी में खेती और खेती से जुड़े ट्रेंड को बिल्कुल बदलने वाली है।

# सरकार बनने के एक माह में करेंगे ग्रेड पे पर फैसला

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा पुलिस ग्रेड पे पर बड़ा चुनावी दांव चलते हुए कहा गया है कि राज्य में भाजपा की सरकार बनती है तो वह सरकार बनने के एक माह के अंदर पुलिस ग्रेड पे पर फैसला लेंगे। वहीं उन्होंने राज्य में सख्त भू कानून लाने का दावा भी किया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को मीडिया से बातचीत में अपने हल्द्वानी–नैनीताल दौरे के समय कहीं। सीएम धामी जो चुनाव निपटने के बाद मंदिर और मठों की परिक्रमा कर देवी देवताओं से फिर भाजपा के सत्ता में आने और अपने सीएम बनने की मन्नते मांग रहे हैं, बीरवार को हल्द्वानी पहुंचे और गोलू देवता की पूजा–अर्चना की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से कहा कि अगर उनकी सरकार बनती है तो पुलिस ग्रेड पे पर एक माह के अंदर फैसला लिया जाएगा।

पत्रकारों ने जब उनसे पूछा कि भाजपा ने पुलिस ग्रेड पे को अपने घोषणा पत्र में क्यों नहीं रखा, जबकि कांग्रेस ने इसे अपने घोषणापत्र में रखा है। इस पर धामी ने कहा कि पुलिस ग्रेड पे और भू कानून पर वह समय की कमी के कारण फैसला नहीं कर सके। लेकिन भू कानून के लिए उन्होंने कमेटी का गठन कर काम शुरू कर दिया था।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय में पुलिस के बैलेट्स वोटिंग की प्रक्रिया चल रही है। सीएम धामी को यह पता है कि पुलिस ग्रेड पे 4600 किए जाने पर फैसला न लिए जाने से पुलिसकर्मी व उनके परिजन नाराज हैं। मुख्यमंत्री धामी ने पुलिस लाइन में पुलिस की रैतिक परेड में पुलिसकर्मियों से 4600 ग्रेड पे करने की घोषणा कर तालियां बटोरी थी लेकिन वहीं वह इसे न तो कैबिनेट में ला सके और न इस पर कोई निर्णय ले सके।

### फैसला

■सीएम धामी ने राज्य में सख्त भू कानून लाने का दावा भी किया

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# विदेश मंत्रालय ने दिल्ली में बनाया कंट्रोल रूम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद वहां रह रहे कई भारतीयों की जान पर भी आफत बन आई है। भारत सरकार लगातार हालात पर नजर रख रही है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने यूक्रेन में रह रहे भारतीयों की मदद के लिए दिल्ली में कंट्रोल रूम स्थापित किया है। विदेश मंत्रालय ने टोल फ्री नंबर भी जारी किए हैं। इन नंबरों पर संपर्क कर मदद ली जा सकती है।

आकाशवाणी समाचार के ट्विटर हैंडल से बताया गया कि विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। नियंत्रण कक्ष का टोल फ्री फोन नम्बर 1800118797 है। किसी भी सहायता के लिए इन फोन नंबरों पर भी संपर्क किया जा सकता है। ये नंबर हैं .91 11 23012113, .91 11 23014104, .91 11 23017905।

इसके अलावा यूक्रेन की राजधानी कीव में भारतीय दूतावास ने यूक्रेन में रह रहे भारतीयों से शांति बनाए रखने और सुरक्षित रहने की सलाह दी है। दूतावास ने परामर्श जारी कर कहा यूक्रेन की स्थिति बेहद नाजुक है।

### मदद के लिए इन नंबरों पर करें संपर्क